संख्या 15011/36/2022-जे यू एस (एयू)/ई6889

भारत सरकार

विधि और न्याय मंत्रालय

न्याय विभाग

विषय: **न्याय विभाग से संबंधित अगस्त, 2022 माह का मासिक सार।**

न्याय विभाग से संबंधित अगस्त 2022 माह की महत्वपूर्ण गतिविधियां निम्नलिखित है:

1. **हर घर तिरंगा अभियानः** विभाग ने न्यायपालिका के निकट संपर्क में **"हर घर तिरंगा"** अभियान में भाग लिया। यह अभियान,**"आजादी का अमृत महोत्सव"** के तहत उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों के माननीय न्यायाधीशों, जिला और अधीनस्थ न्यायालयों के न्यायपालिका अधिकारियों, न्यायालय के अधिकारियों और कर्मचारियों, बार एसोसिएशन के सदस्यों और उनके परिवारों सहित न्यायपालिका के सदस्यों की पूर्ण मन से भागीदारी के साथ उत्साहपूर्ण तरीके से विभिन्न न्यायालय परिसरों और उनके घरों में मनाया।
2. **ई कोर्ट मिशन मोड परियोजना फेज-।।**

- व्यापक क्षेत्र नेटवर्कः दिनांक 31-08-2022 तक, 2992 न्यायालय परिसरों में से 2973 न्यायालय परिसर में 10 mbps से 100 mbps बैंडविथ गति के साथ वैन (डब्ल्यू ए एन) को चालू किया गया है।
- वर्चुअल कोर्टः 21 वर्चुअल न्यायालयों में 1.79 करोड़ से अधिक मामलों का निपटारा किया गया और दिनांक 02-08-2022 तक 27 लाख से अधिक मामलों में 284 करोड रुपए से अधिक राशि का जुर्माना वसूल किया गया।
- ईकोर्ट सर्विस मोबाइल ऐप: दिनांक 31-07- 2022 तक, ई कोर्ट सर्विस मोबाइल ऐप को डाउनलोड करने की कुल संख्या 1.29 करोड़ हो गई है।
- ईतालः इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के इलेक्ट्रॉनिक ट्रांजैक्शन एकत्रीकरण एवं विश्लेषण लेयर (ई ताल) पोर्टल पर प्रकाशित पिछले 1 वर्ष के डाटा के अनुसार, ई कोर्ट भारत में ई ट्रांजैक्शन न्यायालय में शीर्ष 5 मिशन मोड परियोजनाओं (एमएनपी) में से एक अग्रणी परियोजना है।
- वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग: लॉकडाउन प्रारंभ होने के समय से दिनांक 31-07-2022 तक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का प्रयोग करके 2.23 करोड़ मामलों का की सुनवाई की गई जिसमें जिला न्यायालयों में (1.48 लगभग करोड़) और उच्च न्यायालयों में (लगभग 75 लाख) मामलों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से सुनवाई की गई।
- ई फाइलिंगः दिनांक 31-07-2022 तक, ईफाइलिंग सुविधा का प्रयोग करके उच्च न्यायालयों में 2,95,114 मामलों को दायर किया गया और जिला और तालुका अदालतों में 4,41,275 मामलों को दायर किया गया।

3. **टेली लॉः वंचितों तक पहुंच**

क) 31 अगस्त, 2022 तक, 2322274 लाभार्थियों को कानूनी सलाह दी गई जिसमें अगस्त, 2022 माह के दौरान 1,91,773 लाभार्थियों की संख्या भी शामिल है।

ख) माह के दौरान, वी एल ई/पीएलवी, राज्य समन्वयकों और पैनल वकीलों द्वारा 105 जिलों में आयोजित 145 प्रशिक्षण और जागरूकता सत्रों/कैंपों में 3086 व्यक्तियों ने भाग लिया।

ग) आजादी का अमृत महोत्सव मनाने के लिए, 8 अगस्त से 14 अगस्त, 2022 तक छह दिवसीय अभियान के दौरान, 220 से अधिक वकीलों ने 68,277 मामलों के समाधान में योगदान किया। 85,000 से अधिक लंबित/सुनवाई नहीं किए गए मामलों को कम करने के लिए इस स्वाधीनता दिवस पर टेली लॉ पोर्टल पर **"एक विशेष बैकलॉग निपटान अभियान"** चलाया गया।

घ) टेली लॉ सेवाओं पर मामलें के पंजीकरण को बढ़ावा देने और जागरूकता बढ़ाने के लिए 24 अगस्त से 30 अगस्त, 2022 तक लॉगिन डे गतिविधि शुरू की गई थी, जिसमें देश को उत्तरी, पूर्वी, पश्चिमी, दक्षिणी और केंद्र जैसे पांच क्षेत्रों में विभाजित किया गया था। इस गतिविधि के दौरान 6874 मामलों को पंजीकृत किया गया और 4498 सलाह दी गई। 995 जागरूकता सत्रों में 9821 व्यक्तियों ने भाग लिया।

**4. न्याय बंधु (प्रो बोनो कानूनी सेवाएं)**

क) माह के दौरान, न्याय बंधु मोबाइल एप्लीकेशन/वेब पोर्टल के माध्यम से 151 नए प्रो बोनो वकीलों ने पंजीकरण किया है। न्याय बंधु मोबाइल एप्लीकेशन पर कुल 4605 वकील (पुरुष-3991, महिला-612, ट्रांसजेंडर-02) पंजीकृत हो चुके हैं।

ख) माह के दौरान, उच्च न्यायालयों में 91 वकीलों ने पंजीकरण किया जिससे उच्च न्यायालयों में अब तक प्रो बोनो वकीलों की कुल संख्या 976 हो गई है।

ग) इस माह में, 16 विधि विद्यालयों में प्रो बोनो क्लब (पीबीसी) चालू किए गए हैं, जिससे प्रो बोनो क्लब स्कीम के अंतर्गत आने वाले कुल विधि विद्यालयों/महाविद्यालयों की संख्या 65 हो गई है।

घ) माह के दौरान, प्रो बोनो क्लब स्कीम के अंतर्गत राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय दिल्ली, पारुल यूनिवर्सिटी, वडोदरा एवं सविता विश्वविद्यालय चेन्नई में और सरकारी विद्यालयों एवं ग्रामों में नागरिकों के अधिकार और कर्तव्य, पोक्सो अधिनियम और न्याय तक पहुंच कार्यक्रमों पर गतिविधियां शीर्षस्थ विश्वविद्यालय, अरुणाचल प्रदेश और एन यू जे एस कोलकाता द्वारा आयोजित किए गए थे।

**5. कानूनी साक्षरता और कानूनी जागरूकता कार्यक्रम (एल एल एल ए पी)**

क) 31 अगस्त, 2022 को कानूनी जागरूकता वेबीनार श्रंखला के रूप में **"भारत में वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार"** विषय पर वेबीनार आयोजित की गई। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, दिल्ली पुलिस, न्यायपालिका, एनसीईआरटी और सिविल सोसाइटी संगठनों के प्रमुख वक्ताओं ने भारत में वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों, हकदारी और चुनौतियां पर इस वेबीनार में व्याख्यान दिए और इसमें 13255 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

ख) सेंटर फॉर कम्युनिटी इकोनॉमिक्स एंड डेवलपमेंट कंसल्टेंट्स सोसाइटी, जयपुर राजस्थान द्वारा एक कानूनी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया और स्वयं सेवकों के माध्यम से पंचायत स्तर की संवेदीकरण बैठकें, धानी बैठकें, व्यापक जागरूकता अभियान, जागरूकता अभियान आयोजित किए गए साथ ही राजस्थान के बारां जिले में 5205 प्रतिभागियों के लिए आईईसी भी आयोजित किए गए।

ग) भारतीय राष्ट्रीय विधि स्कूल विश्वविद्यालय (एनएल एस यू) बेंगलुरु, कर्नाटक ने 6 अगस्त 2022 को पूर्वोत्तर भारत के लिए कानूनी साक्षरता और कानूनी जागरूकता विषय पर वेबीनार का आयोजन किया और 19 अगस्त 2022 को प्रोफेसर वी.एस.मल्लार मेमोरियल लीगल एड प्रतियोगिता 2022 पर दूसरी निर्वाचक का सभा आयोजित की और 27 अगस्त 2022 को 150 प्रतिभागियों के लिए के

आईआईटी विधि विद्यालय, भुवनेश्वर, उड़ीसा  के सहयोग से इन-पर्सन कानूनी जागरूकता कार्यशाला आयोजित की।

घ) 20 अगस्त 2022 को अरुणाचल प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा अरुणाचल प्रदेश के ईस्ट कमेंग और पक्के केसांग जिलों के 102 ग्राम वृद्धों और  ग्राम वृद्धाओं के लिए एक ऑनलाइन/ऑफलाइन कानूनी साक्षरता प्रशिक्षण और कानूनी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

ड़) प्रशिक्षकों के लिए दिनांक 24 अगस्त से 26 अगस्त, 2022  तक तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 40 प्रतिभागियों के लिए सिक्किम राज्य महिला आयोग द्वारा  गंगटोक सिक्किम में आयोजित किया गया।

**6.** 13 अगस्त 2022 को राष्ट्रीय कानूनी साक्षरता प्राधिकरण (नालसा) के संरक्षण के तहत आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत द्वारा 82 लाख प्रि लिटिगेशन मामलों  और 26 लाख लंबित मामलों का निपटारा किया गया।

**7. फास्ट ट्रेक स्पेशल कोर्टः**

28 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में 731 फास्ट ट्रेक  स्पेशल कोर्ट और 412 विशिष्ट पोक्सो न्यायालय कार्यरत है और इन फास्ट ट्रेक स्पेशल कोर्ट द्वारा जुलाई, 2022 तक 1,8000 से भी अधिक मामलों का निपटारा किया गया है।

xxxxxxxxx